# सोशल साइकोलॉजी एक्सपर्ट प्रो. माइल्स पहुंचे यूपीईएस

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस में सोशल साइकोलाजी एक्सपर्ट और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर माइल्स ह्यूस्टोन का जोरदार स्वागत किया गया। प्रो. ह्यस्टोंन स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज की ओर से आयोजित विभिन्न गतिविधियों में शिरकत करेंगे। इससे छात्रों व शिक्षकों को सोशल साइकोलॉजी के प्रभावशाली स्कालर्स से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

प्रोफेसर माइल्स हेवस्टोन ने ब्रिस्टल, मैनहेम व कार्डिफ विश्वविद्यालयों में भी एकडेमिक पदों पर कार्य किया है। साथ ही न्यू कालेज आक्सफोर्ड के प्रतिष्ठित फेलो हैं। प्रोफेसर ह्यूस्टोन में 31 अगस्त तक छात्रों व शिक्षकों के एकेडमिक अनुभवों को समृद्ध करने के लिए विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका सबसे ज्यादा फायदा बीएससी साइकोलाजी और बिहेवियर प्रोग्राम के छात्रों को मिलेगा। इस दौरान प्रोफेसर ह्यस्टोन 'रिसर्चर कैसे बनें, रिसर्च के लिए विचार विकसित करना और अपने निष्कर्षों को प्रकाणित करना विषय पर मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा सोशल साइकोलाजी के प्रमुख विषयों पर लेक्चर देंगे। स्कूल आफ लिबरल स्टडीज एंड मीडिया के डीन प्रोफेसर अत्री नौटियाल ने कहा कि प्रो. ह्यस्टोन को लेकर छात्र, शिक्षक और रिसर्चर्स उत्साहित हैं। यूपीईएस प्रोफेसर ह्यूस्टोन, छात्रों और शिक्षकों के बीच व्यक्तिगत बातचीत की सुविधा भी प्रदान कर रहा है जिससे सोशल साइकोलॉजिकल रिसर्च पर गहन चर्चा हो सके।

■ छात्रों को मिलेगा प्रो. माइल्स ह्यस्टोन से रूबरू होने का मौका

